e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

स0सं0:–17–तक0को0 (प्रशिक्षण)–249/2019.........1137.........

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

निदेशक,
भू–अर्जन,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक :– 13-05-2022

विषय :– राज्य के बीस जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की प्रक्रियान्तर्गत जिला स्तर पर बन्दोबस्त कार्यालय/विशेष सर्वेक्षण शिविरों को भू–अर्जन की प्रक्रिया के तहत अर्जित भूमि का ब्यौरा उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि राजस्व के बीस जिलों यथा बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, जमुई, मुंगेर, नालंदा, शिवहर, बांका, अरवल एवं शेखपुरा में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य अंतर्गत किस्तवार का कार्य पूर्ण करने के पश्चात् अधिकार–अभिलेख एवं मानचित्र का निर्माण कार्य प्रगति पर है। विशेष सर्वेक्षण की इस प्रक्रिया में रैयतों की भूमि के साथ–साथ सरकारी एवं अन्य सभी प्रकार की भूमि के अधिकार–अभिलेख एवं मानचित्र तैयार किए जा रहे हैं। इस क्रम में विभिन्न उद्देश्यों के लिए अर्जित की गई भूमि के संरक्षण के लिए आवश्यक है कि अर्जित की गई भूमि के अधिकार अभिलेख उसी के नाम पर संधारित किए जाएँ, जिसके लिए भू–अर्जन की कार्रवाई की गई है। इस क्रम में यह भी उल्लेखनीय है कि जिला स्तर पर अर्जित की गई भूमि में अनेक भू–खण्ड ऐसे भी हैं, जिनमें भू–अर्जन की प्रक्रिया पूरी कर लाभान्वितों को भुगतान प्राप्त हो चुका हैं, किन्तु संबंधित विभाग द्वारा उस भूमि पर दखल कब्जा नहीं किया गया है, इस प्रकार की भूमि के अधिकार–अभिलेख निर्माण के लिए भूमि का विवरणी प्राप्त होना अत्यन्त आवश्यक है।

अतः उपर्युक्त के आलोक में अनुरोध है कि विशेष सर्वेक्षण संचालित 20 जिलों में प्राथमिकता के आधार पर भू–अर्जन से संबंधित जिलास्तरीय पदाधिकारियों को अर्जित की गई भूमि की विवरणी बन्दोबस्त कार्यालय/विशेष सर्वेक्षण शिविरों को उपलब्ध कराने तथा शेष 18 जिलों में अर्जित की गई भूमि की विवरणी तैयार करने संबंधी निदेश निर्गत किए जाएँ। साथ ही विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया अन्तर्गत जिलों में कार्यरत विशेष सर्वेक्षण शिविरों द्वारा खानापुरी पर्चा वितरण के पश्चात् की गई सुनवाई तथा प्रारूप प्रकाशन पश्चात् की जानेवाली सुनवाई की प्रक्रिया का सतत् अनुश्रवण कर आवश्यकतानुसार सरकार का पक्ष रखा जाए।

विश्वासभाजन

13/5/22

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

D:\Sanjeev-2022\Birendra kumar Aso\director\file no 249 2019 02.05.2022.doc

ज्ञापांक : 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)–249 / 2019..........1137.......... **पटना, दिनांक**.......13-05-2022.......

प्रतिलिपिः– बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, जमुई, मुंगेर, नालंदा, शिवहर, बांका, अरवल एवं शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)–249 / 2019..........1137.......... **पटना, दिनांक**.......13-05-2022.......

प्रतिलिपिः– सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, जमुई, मुंगेर, नालंदा, शिवहर, बांका, अरवल एवं शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)–249 / 2019..........1137.......... **पटना, दिनांक**.......13-05-2022.......

प्रतिलिपिः– सहायक निदेशक / प्रशाखा पदाधिकारी / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा / संबंधित जिलों के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)–249 / 2019..........1137.......... **पटना, दिनांक**.......13-05-2022.......

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)–249 / 2019..........1137.......... **पटना, दिनांक**.......13-05-2022.......

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2022\Birendra kumar Aso\director\file no 249 2019 02.05.2022.doc